DEO): (a) As in the States of Andhra Pradesh, Karnataka and Maharashtra, the regional service programmes in Orissa are presently relayed via satellite in half transponder mode due to shortage of required space segment and other technical limitations. This affects the quality of the picture of the programmes in these States.

(b) A pilot scheme for digitally compressing more number of video channels per transponder is at an experimental stage. On its successful completion/implementation, the quality of the regional service programmes in the affected states including Orissa, are expected to improve.

दूरदर्शन पर समाचार पत्रों के लिए समय का नियतन

6507. **श्री अजीत जोगी:** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दूरदर्शन पर समाचारपत्रों के समूहों के लिए समय के नियतन (टाइम-स्लाटों) की अनुमति दी है;

(ख) क्या इससे इस संबंध में सरकार पूर्ववर्ती आदेशों का उल्लंघन नहीं होता है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार के काम काज में इस प्रकार के परिवर्तन के क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री के॰पी॰सिंह देव): (क) समाचारपत्र/पत्रिका समूह से सम्बद्ध कुछ निर्माण कम्पनियां प्रायोजकता के रूप में अथवा कमीशंड श्रेणी में दूरदर्शन पर कार्यक्रम प्रसारित कर रही है।

(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

Revenue earned by AIR/Doordarshan

6508. SHRI CHIMANBHAI HARIBHAI SHUKLA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) the revenue earned by the Doordarshan/AIR during the last three years; year-wise along with the projections for the Eighth Five Year Plan period;

(b) whether Government have recently formulated new advertisement policy for augmenting revenue during the Eighth Five Year Plan period for Doordarshan and AIR separately; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K.P. SINGH DEO): (a) Gross revenue earned by AIR and Doordarshan during the past three years is as under:—

(In crores of Rs.)

	AIR	Doordarshan
1991-92	53	300.61
1992-93	59	360.23
1993-94	64	372.90 (Provisional)

During the remaining years of the 8th Plan period, the expected revenue generation of AIR and Doordarshan would be around Rs. 235 crores and Rs. 1375 crores respectively.

(b) and (c) Whereas no new advertising policy has been formulated, steps, targetted towards augmentation of revenue, have been taken to rationalise the advertising tariff structure and amend the Code for Commercial Advertising on AIR and Doordarshan to allow the broadcast/telecast of certain additional products/services.

हिमाचल प्रदेश में कम शक्ति वाले ट्रांसमीटर

6509. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हिमाचल प्रदेश में किन-किन स्थानों पर इस समय कम शक्ति वाले ट्रांसमीटरों की स्थापना का निर्माण-कार्य चल रहा है;

(ख) राज्य में इन निर्माणाधीन कम शक्ति वाले ट्रांसमीटरों की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) कौन-कौन से स्थान ऐसे हैं जहां कम शक्ति वाले ट्रांसमीटर स्थापित करने का निर्णय लिये जाने के बावजूद स्थापना कार्य आरम्भ नहीं किया जा सका और इसके क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के० पी० सिंह देव): (क) से (ग) अपेक्षित ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है।

विवरण

हिमाचल प्रदेश में अल्प शक्ति ट्रांसमीटर/अति अल्प शक्ति ट्रांसमीटर परियोजनाओं की स्थिति

	स्थान	ट्रांसमीटर	वर्तमान स्थिति/अभ्युक्ति
1.	सुजानपुर	अ०शा०ट्रा०	स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा दूरदर्शन को चयनित भवन सौंपे जाने में विलम्ब।
2.	सुन्दर नगर	अ०शा०ट्रा०	कोई तैयार आवास उपलब्ध नहीं है। भूमि का एक भाग अधिकार में ले लिया गया है। भवन के निर्माण हेतु कार्यवाही आरंभ कर दी गई है। प्रमुख उपस्कर सप्लाई कर दिए गए है।
3.	डलहौजी	अ०शा०ट्रा०	भवन का निर्माण किया जाना है। उपस्कर हेतु आर्डर दे दिया गया है।
4.	रामपुर	अ०शा०ट्रा०	उपयुक्त स्थल/भवन का पता लगाने संबंधी कार्यवाही आरंभ कर दी गई है। उपस्कर हेतु आर्डर दे दिया गया है।
5.	अजु फोर्ट	अ०अ०शा०ट्रा०	स्थल अधिकार में ले लिया गया है। प्रमुख उपस्कर सप्लाई किए जा चुके हैं।
6.	दलाश	"वही"	भूमि का पता लगा लिया गया है। भवन के निर्माण संबंधी कार्यवाही आरंभ कर दी गई है। मुख्य उपस्कर सप्लाई किए जा चुके हैं।
7.	खारा पत्थर	"वही"	स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा दूरदर्शन को सौंपे जाने वाले भवन का पता लगा लिया गया है। उपस्कर हेतु आर्डर दे दिया गया है।
8.	पालमपुर	"वही"	पता लगाए गए स्थल को स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा दूरदर्शन को सौंपा जाना है। उपस्कर हेतु आर्डर दे दिया गया है।
9.	शिवबदर	"वही"	दूरदर्शन ने भवन का निर्माण करने संबंधी कार्यवाही आरंभ कर दी है। उपस्कर हेतु आर्डर दे दिया गया है।
10.	मराठी	"वही"	—वही—
11.	जोगिन्दर नगर/चितरभुज	"वही"	—वही—
12.	सरकाघाट	"वही"	—वही—
13.	दिआर	"वही"	—वही—
14.	दसलानी/दसनी	"वही"	—वही—
15.	होली	"वही"	—वही—
16.	पारवानू	"वही"	उपयुक्त/स्थल/भवन का पता लगाने हेतु कार्रवाई आरम्भ कर दी गई है। उपस्कर हेतु आर्डर दे दिया गया है।

	स्थान	ट्रांसमीटर	वर्तमान स्थिति/अभ्युक्ति
17.	जहालना	अअ०अ०शा०ट्रा०	उपयुक्त/स्थल/भवन का पता लगाने हेतु कार्रवाई आरम्भ कर दी गई है। उपस्कर हेतु आर्डर दे दिया गया है।
18.	बैजनाथ/माझेरन	"वही"	—वही—
19.	भरमौर	"वही"	—वही—
20.	बान्दला	"वही"	स्थल का पता कर लिया गया है। उपस्करों के लिए आर्डर दे दिया गया है।
21.	वीर	"वही"	उपयुक्त स्थल/भवन का पता लगाने की कार्रवाई आरम्भ कर दी गई है।
22.	कन्डाघाट	"वही"	—वही—
23.	आदिघाट	"वही"	आदिघाट भारतीय सर्वेक्षण के नक्शों में शामिल नहीं है। राज्य सरकार से इसके स्थान का पता लगाने सम्बन्धी कार्यवाही आरम्भ कर दी गई है।

L.P. Transmitter at Shirigarh in Himachal Pradesh

6510. SHRI MAHESHWAR SINGH: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government had announced to set up a L.P. transmitter at Dalash "Shirigarh" in Kulu district of Himachal Pradesh;

(b) if so, when the decision was taken; and

(c) whether the L.P. transmitter has been set up at Dalash; if so, when and and if the construction work is in progress, when the same is likely to be completed?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K.P. SINGH DEO): (a) and (b) Setting up of a Very Low Power Transmitter (VLPT) at Dalash in Kulu district was approved under Doordarshan's Annual Plan 1992-93.

(c) Site for the VLPT has been identified. Action to contruct a building for housing the transmitter has been initiated. The VLPT is expected to be commissioned during 1994-95.

कुल उत्पादों का विज्ञापन

6511. **श्री वी० हनुमंत राव:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस संबंध में कोई सुझाव दिए हैं कि भारतीय दूरदर्शन पर कुछ उत्पादों को विज्ञापित नहीं किया जाना चाहिए;

(ख) यदि हां, तो उन उत्पादों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उनके मंत्रालय ने इन सभी सुझावों को स्वीकार कर लिया है; और

(घ) उनके मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय तथा सम्बद्ध उद्योग-संघों के बीच त्रिपक्षीय बातचीत न करने के क्या कारण है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव): (क) और (ख) जी, हां। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने तम्बाकू से सम्बन्धित उत्पादों के विज्ञापन पर रोक लगाने के लिए प्रस्ताव किया है।

(ग) दूरदर्शन द्वारा अब कई वर्षों से तम्बाकू से सम्बन्धित उत्पादों के विज्ञापन प्रसारित नहीं किए जा रहे हैं।

(घ) दूरदर्शन द्वारा अपनाई गई वर्तमान पद्धति को पर्याप्त समझा गया है।